

## पुलिस टीम ने किया बैंकों-एटीएम की सुरक्षा का सघन निरीक्षण

- थाना स्तर पर सक्रिय पुलिसिंग,
- बैंकों में चेकिंग-निगरानी बढ़ाई



**बड़वानी, ( नवभारत )।** एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं एएसपी धीरज बब्बर के मार्गदर्शन में जिले के थाना क्षेत्रों में बैंक एवं एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए सघन निरीक्षण एवं चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीमों ने अपने क्षेत्र के बैंकों एवं एटीएम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का परीक्षण किया। साथ ही बैंक परिसर में आने-जाने वाले व्यक्तियों की सघन जांच की।

टीमों ने बैंक प्रबंधन के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा मानकों का पालन कराया। बैंक सुरक्षा गार्डों को संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखने के लिए निर्देशित किया। आमजनों को भी सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक समझाईश दी। जिससे सुरक्षित एवं व्यवस्थित बैंकिंग वातावरण बनाए रखा जा सके।

### एसपी ने की जनसुनवाई, दिए निर्देश

मंगलवार को एसपी पद्मविलोचन शुक्ल (भापुसे) द्वारा जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों ने समस्याएं, शिकायतें एवं लंबित प्रकरण प्रस्तुत किए। एसपी शुक्ल ने आवेदनों को सुनते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान विशेष रूप से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं समाज के वंचित वर्गों से संबंधित मामलों को प्राथमिकता से लिया गया। कई आवेदनों पर मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई की गई।

### समयबद्ध निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता

एसपी शुक्ल ने कहा कि जिला पुलिस का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को न्याय, सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण प्रदान करना है। आमजनों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई में एएसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी मसु महेश सुनैया, डीएसपी अजाक निलेश्वरी डावर व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सैकड़ों आउटसोर्स कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**बड़वानी, ( नवभारत )।** भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर जिले के सैकड़ों आउटसोर्स कर्मचारियों ने जायज मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार बाबूसिंह निनामा को ज्ञापन सौंपा। रैली निकाल कर 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन लेकर पहुंचे थे। संघ के जिला मंत्री अंतिम जायसवाल और मप्र बाह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष सेन ने बताया कि मप्र में लगभग 3 लाख आउटसोर्स कर्मचारी शासकीय विभागों में कार्यरत हैं। जिले में करीब 1500 से अधिक कर्मचारी हैं। जो अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय में उपस्थित हुए।

प्रदेश के बाह्यस्त्रोत आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए सरकार स्तर पर ठोस नीति (आऊटसोर्स सर्विस सेक्यूरिटी एक्ट/आऊटसोर्स निगम मंडल) बनाकर सामाजिक सुरक्षा एवं उचित पेतन सुनिश्चित किया जाए। आऊटसोर्स ठेका कर्मचारियों से संबंधित श्रम कानूनों का समुचित पालन सुनिश्चित किया जाए। कानूनों की पालना ना होने पर दोषियों पर कठौर कार्रवाई की जाए। 8 घन्टे से अधिक कार्य करने पर अतिरिक्त समय का नियमानुसार भुगतान किया जाए। आऊटसोर्स कर्मचारियों को सीधे विभाग-संस्था से वेतन भुगतान की जाकर बिचौलिया प्रथा बंद किया जाए।



श्रम कानूनों के अनुसार आऊटसोर्स कर्मचारियों का मासिक वेतन प्रत्येक माह की 7 तारीख तक भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही वेतन पर्ची प्रदान की जाए। अनुभव के आधार पर वेतन में बढ़ौत्री की जावे एवं अनुभव के आधार संविदाध्निियमित भर्ती में नीति बनाकर अवसर प्रदान किए जाए। जैसे बोनस अंक इत्यादि। बिना किसी ठोस कारण एवं जांच के आऊटसोर्स कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की प्रथा पर तत्काल रोक लगाई जाए।

शिकायत की उच्च स्तरीय जांच के बिना आऊटसोर्स कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त नहीं की जाए। सभी आऊटसोर्स कर्मचारियों को नियमानुसार ईएसआई ईपीएफ और ईएसआईसी का लाभ सुनिश्चित किया जाए। नियमित रूप के कार्यों के विरुद्ध कार्यरत आऊटसोर्स कर्मचारियों को 62 वर्ष की आयु तक सेवा में रहने के प्रावधान किए जाए।

समान कार्य के लिए समान वेत्तन सिद्धांत को लागू किया जाए। आऊटसोर्स कर्मचारियों की सेवाएं समाप्ति आदेश के विरूद्ध अपील के लिए विभाग स्तर पर कमेटी का गठन किया जाए। जिसमें कर्मचारी को सुनवाई के पर्याप्त अवसर किए जाए। आउटसोर्स कर्मचारियों का सेवाकाल आधार पर श्रेणी उन्नयन (अकुशल से अर्धकुशल अर्धकुशल से कुशल एवं कुशल से उच्चकुशल) किया जाए। आऊटसोर्स कर्मचारियों को दुर्घटना बीमा रूपए 20 लाख किया जाए। कर्मचारियों को विभाग रिक्त पदों के विरूद्ध समायोजित/सविलियन करने के लिए ठोस नीति बनाई जाए। कौशल विकास की दृष्टि से प्रतिवर्ष कार्य आधारित कौशल विकास प्रशिक्षण (तकनीकी/गैर तकनीकी) प्रदान किया जाए एवं प्रमाणीकरण भी किया जाए। आऊटसोर्स कर्मचारियों को सप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित किया जाए।

### ज्ञापन सौंपने के दौरान यह थे उपस्थित

ज्ञापन के दौरान संयुक्त महामंत्री मोहम्मद सादिक शेख, संतोष सोलंकी क्षेत्रीय सचिव पक्षबिक महासंघ, जिलाध्यक्ष प्रवीण माली, बाह्य स्त्रोत विकसं रूपेश गर्ग, अंकित भावसार, आनंद, जेनसिंह, राजेंद्र सिंह चौहान, मुकेश भवसार उपस्थित थे।

## वन विभाग ने किया ऊदबिलाव का रेस्क्यू



**बड़वानी, ( नवभारत )।** जिले के ग्राम लोनसरा में एक कृषक के कुएं में वन्यप्राणी होने की सूचना मिलते ही वन विभाग की रेस्क्यु टीम मौके पर पहुंची। जहां कुछ देर की मशक्कत के बाद वन्यप्राणी को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

जानकारी अनुसार ग्राम लोनसरा में कृषक किशोर मुकाती के पक्के कुएं में वन्यप्राणी कस्तूरी बिलाव (ऊदबिलाव) होने की सूचना मिली थी। वनमण्डलाधिकारी आशीष बनसोड़ एवं उप वनमंडलाधिकारी बाबुलाल मुवेल बड़वानी/रेस्क्यु टीम प्रभारी के निर्देश एवं मार्गदर्शन में रेस्क्यु टीम मौका स्थल लोनसरा पहुंची। जहां जाली एवं रस्सियों की सहायता से कस्तूरी बिलाव (ऊदबिलाव) का सफल रेस्क्यु किया गया। जिसके बाद स्वस्थ्य होने पर उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया।

शहर की सावंतपुरम कॉलोनी में कैलाश चौहान के घर में एक भारतीय ऊल्लू की सूचना मिली। जिस पर रेस्क्यु टीम मौके पर पहुंची और भारतीय ऊल्लू का सफलता पूर्वक रेस्क्यु कर स्वस्थ्य होने पर उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया। उक्त रेस्क्यु टीम में वनरक्षक गजेन्द्रसिंह बामनीया, वनपाल सुरेन्द्र सिंह राठौर, पस राजेन्द्र बामनिया, वनरक्षक दीपक सोलंकी, वनरक्षक अंकित शर्मा शामिल रहे।

## पांच दिवसीय कार्यशाला

- मुख्यालय पर आज होगा मुख्य कार्यक्रम का आयोजन।

**बड़वानी, ( नवभारत )।** अंतरराष्ट्रीय कथक नृत्य कलाकार गौरी देशमुख के मार्गदर्शन में हुई 5 दिवसीय कथक नृत्य कार्यशाला का समापन 21 अप्रैल को हुआ।

22 अप्रैल शाम 7 बजे से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक महाविद्यालय सभागृह में मुख्य कार्यक्रम होगा। साथ ही समर कैम्प में शामिल बालिकाओं की भी प्रस्तुति होगी।



स्पीक मैके के जिला संयोजक अनिल जोशी एवं अध्यक्ष जितेंद्र जैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद गजेंद्र सिंह पटेल एवं अन्य जनप्रतिनिधि रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर जयति सिंह एवं एसपी पद्म विलोचन शुक्ल द्वारा की जाएगी। वहीं छात्रा ओमामा मंसूरी तथा छात्रा महक गोले का सम्मान किया जाएगा। संस्था उपाध्यक्ष सचिन शर्मा ने संगीत प्रेमी सुधी श्रोताओं से अधिक से अधिक शामिल होने का अनुरोध किया है।

## जिला चिकित्सालय के दो डॉक्टर को सिविर सर्जन ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**बड़वानी।** जिला चिकित्सालय के बाह्य रोगी विभाग में ग्राम पिछोड़ी में घटित दुर्घटना, जिसमें एक पुत्र के द्वारा अपने पिता की गोली मारकर हत्या करने के बाद अस्पताल लाया गया। अस्पताल में ड्युटी डॉक्टर द्वारा संबंधित को मृत घोषित करते हुए मृतक का पेनल द्वारा पोस्टमार्टम किया जाना था। लेकिन सोमवार को शासकीय अवकाश होने से एवं इमरजेंसी ड्युटी चिकित्सक के अनुपस्थित रहने से चिकित्सालयीन व्यवस्था की दृष्टि से डॉक्टर अनुपम बत्रा पीजीएमओ ईएनटी एवं डॉक्टर दीपक अवास्या पीजीएमओ मेडिसीन जिला चिकित्सालय बड़वानी द्वारा एमएलसी/पोस्ट मार्टम कार्य किया जाकर स्वास्थ्य विभाग की छवि धूमिल होने से बचाया गया। इनके इस कार्य के लिए सिविल सर्जन डॉ मनोज खन्ना द्वारा दोनों डॉक्टर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### एक नजर में

## तीहरे हत्याकांड में 6 दोषियों को उम्रकैद

**आलीराजपुर।** जिला एवं सत्र न्यायालय, अलीराजपुर ने थाना सोंडवा क्षेत्र के बहुचर्चित तीहरे हत्याकांड में महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए सभी 6 आरोपियों को आजीवन कारावास से दंडित किया है। कोर्ट ने आरोपियों पर जुर्माना भी लगाया है।मामला पुलिस द्वारा 'चिन्हित प्रकरण' के रूप में लिया गया था, जिसमें उत्कृष्ट अनुसंधान और सतत मॉनिटरिंग के चलते न्यायालय में सशक्त साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। जानकारी अनुसार घटना 10 सितंबर 2019 को ग्राम भोरण तालाब फलिया में घटित हुई थी। आरोपियों में अमर सिंह पिता अन सिंह वास्कले, रुमाल पिता अन सिंह वास्कले, रेमसिंह पिता अमर सिंह वास्कले, सेमसिंह पिता अमर सिंह वास्कले, मुकेश पिता अमर सिंह वास्कले, लावरिया उर्फ शंकर पिता रुमाल वास्कले हैं। इन्होंने जमीन विवाद के चलते आरोपियों ने सोते हुए एक ही परिवार पर घातक हमला कर दिया। इस हमले में लट्टू पिता भिकला एवं हजरी बाई की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल धर्मेन्द्र ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपराध क्रमांक 119/2019 के तहत धारा 302, 307, 34 भादवि एवं आर्म्स एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बहुस्तरीय एवं पेशेवर जांच तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक सुनीता मण्डलोई एवं चौकी प्रभारी उमराली अंकिता जाट द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर की गई एवं महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलित किए गए। थाना प्रभारी निरीक्षक शेरसिंह बघेल द्वारा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित कर 11 दिसंबर 2019 को न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। सहायक निदेशक अभियोजन देवेन्द्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी केशरीमल कनाश ने प्रभावी पैरवी करते हुए अभियोजन पक्ष को मजबूत किया।

## आलीराजपुर में बनेगा अत्याधुनिक खेल परिसर 6 करोड़ 95 लाख रुपए की स्वीकृति

**आलीराजपुर।** कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान के प्रयासों से जिले के खेल और युवा विकास को नई दिशा देने वाली एक बड़ी सौगात आलीराजपुर को मिली है। आलीराजपुर जिला मुख्यालय पर लगभग 7 करोड़ की लागत से नवीन सर्व सुविधायुक्त खेल परिसर के निर्माण को स्वीकृति जारी करी दी गई है। विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कैबिनेट मंत्री श्री चौहान को पत्र प्रेषित कर बताया कि उनकी मांग पर आलीराजपुर जिला मुख्यालय पर खेल परिसर निर्माण के लिए 6 करोड़ 95 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

**युवाओं के लिए बनेगा आधुनिक खेल केंद्र** - स्वीकृत राशि से बनने वाला खेल परिसर आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जिसमें विभिन्न खेलों के लिए मैदान, प्रशिक्षण व्यवस्था और खिलाड़ियों के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलेगा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी खिलाड़ी तैयार होने की संभावनाएं बढ़ेंगी।

**जिले के विकास में मील का पत्थर** -खेल परिसर का निर्माण जिले के समग्र विकास में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे युवाओं को रोजगार, प्रशिक्षण और प्रतियोगी माहौल मिलेगा। ग्रामीण और आदिवासी अंचल के खिलाड़ियों को अब बेहतर प्लेटफॉर्म मिलेगा, जिससे उनकी प्रतिभा निखर सकेगी। स्वीकृति की खबर सामने आते ही जिले में खुशी का माहौल है। खेल प्रेमियों और युवाओं ने इसे ऐतिहासिक निर्णय बताया है। उनका मानना है कि इससे जिले की पहचान खेल क्षेत्र में मजबूत होगी। सांसद अनिता चौहान, भाजपा जिला महामंत्री रिंकेश तंवर, मोंटू शाह, विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता, दिलीप चौहान, पदाधिकारी हितेंद्र शर्मा, संतोष थेपड़िया, मंडल अध्यक्ष गिरिराज मोदी, महामंत्री राजेश गुप्ता सहित कई जनप्रतिनिधि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने खेल परिसर स्वीकृत करने पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, खेल मंत्री विश्वास सारंग का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सहकारी संस्थाओं में 8 हजार सदस्य जोड़ने का लक्ष्य

**आलीराजपुर।** प्रभारी उपायुक्त सहकारिता जी. एल. सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश सहकारिता विभाग के अंतर्गत कृषक कल्याण वर्ष 2026 को सफल बनाने के लिए सदस्यता विस्तार अभियान संचालित किया जा रहा है। आलीराजपुर जिले में बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं (पैक्स) में 8 हजार नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## आईपीएल सट्टे के ऑनलाइन गिरोह का पर्दाफाश



- आईपीएल पर लाखों का दांव लगाने वाले 6 सटोरिये गिरफ्तार

**झाबुआ।** जुआ और सट्टा माफियाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पेटलावद को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले मुख्य सरगना सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी अनुसार पुलिस टीम ने दो चरणों में इस बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया। मुखबिर की सूचना पर ब्लॉक कॉलोनी और शंकर मंदिर परिसर के पीछे दबिश दी गई। यहां से अवैध रूप से अंक लिखकर सट्टा चला रहे तीन आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा। इनमें सुरेन्द्र पिता शंकरलाल भण्डारी (पेटलावद), बहादुर पिता वीरजी बिलवाल (खोरिया), भंवरलाल पिता नारायण मीणा (बामनिया) शामिल हैं। इनसे सट्टा पर्चियां और 2,940 रुपये जब्त किए। आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने कृषि उपज मण्डी (गौशाला के पास) दबिश देकर आईपीएल मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टा लगाते हुए तीन और आरोपियों को भी गिरफ्तार किया। इनमें प्रदीप पिता कनकमल पटवा (अंबिका चौक, पेटलावद), आयुष पिता झमकलाल पाटवा (सुभाष मार्ग, पेटलावद), विशाल उर्फ विक्की पिता मोहनलाल परमार (निलकंठेश्वर कॉलोनी, पेटलावद) शामिल हैं। इनके कब्जे से 03 स्मार्टफोन्स (कीमत लगभग 65 हजार) और 24,680 रुपये जब्त किए हैं।

## शस्त्र सेना झंडा दिवस निधि कलेक्शन में आलीराजपुर को मध्य प्रदेश में पहला स्थान

- कलेक्टर नीतू माथुर को राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने किया सम्मानित

**आलीराजपुर।** लोक भवन, भोपाल में आयोजित समामेलित विशेष निधि प्रबंधन समिति की 25 वीं वार्षिक बैठक में मध्य प्रदेश के जिलों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। बैठक की अध्यक्षता राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने द्वारा की गई। इस अवसर पर सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि वर्ष 2024-25 के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य से अधिक अनुदान राशि एकत्रित करने वाले जिलों को सम्मानित किया गया।

इसमें आलीराजपुर जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए अपने निर्धारित लक्ष्य 3,52,100 रुपये के विरुद्ध



9,53,100 रुपये से अधिक की राशि एकत्रित कर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जिले की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा सिविल सेवा दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर नीतू माथुर को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कलेक्टर नीतू माथुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश के सैनिकों के बलिदान के समक्ष यह योगदान अत्यंत छोटा है। उन्होंने कहा कि आज हम एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक देश में जो सम्मान के साथ जीवन व्यतीत कर रहे हैं, वह हमारे सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान का परिणाम है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन भविष्य में भी सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण हेतु हर संभव प्रयास करते रहेंगे।

### एक नजर में

**सर्वब्राह्मणों में देखने को मिला एकता और भक्ति का अनूठा संगम, चारों ओर गूंजा जय परशुराम**

## पेटलावद में भगवान परशुराम जन्मोत्सव की धूम, शस्त्र-शास्त्र के संगम के साथ निकला चल समारोह

**पेटलावद। भगवान विष्णु के छठे अवतार, अदम्य साहस और ज्ञान के प्रतीक भगवान श्री परशुराम जी का प्रकटोत्सव पेटलावद में ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज की एकजुटता और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला।**

उत्सव का शुभारंभ प्रातः काल शंकर मंदिर प्रांगण से हुआ, जहाँ से विशाल चल समारोह प्रारंभ हुआ। शोभायात्रा में सबसे आगे समाज के सत्यनारायण पप्पू पाठक एवं निलेश दवे बेकलदा केसरिया ध्वज थामे घोड़ों पर सवार होकर चल रहे थे। भगवान परशुराम की आदमकद आकर्षक प्रतिमा और भव्य झांकी आकर्षण का केंद्र रही। पूरी यात्रा के दौरान जय-जय परशुराम और ब्राह्मण एकता जिंदाबाद के गगनभेदी नारों से नगर की गलियां गूंज उठीं। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई गुरुद्वारा परिसर स्थित श्री सरस्वती नंदन स्वामी भजनाश्रम पहुंची, जहाँ विधि-विधान से भगवान का महा-अभिषेक संपन्न हुआ।

परशुराम मार्ग पर फरसा स्थापित-




इस वर्ष का जन्मोत्सव ऐतिहासिक रहा, क्योंकि साईं मंदिर तिराहे से नगर परिषद मार्ग (परशुराम मार्ग) पर भगवान परशुराम के प्रतीक फरसा की स्थापना की गई। नगर परिषद पेटलावद के सौजन्य से स्थापित इस फरसे का समाजजनों ने मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया। पंडित आशु शुक्ला, नरेश नारायण शुक्ला, वेंकट त्रिवेदी, प्रफुल्ल शुक्ला सहित विद्वान ब्राह्मणों ने पूजा अर्चना संपन्न कराई। भजनाश्रम में आयोजित सभा में वक्ताओं ने समाज की वर्तमान दिशा और दशा पर सारगर्भित विचार रखे। जिसमे समाज के अध्यक्ष

मनोज जानी ने कहा ब्राह्मण शास्त्र और शस्त्र दोनों का ज्ञाता है। हम ज्ञान देने के लिए शास्त्र का उपयोग करते हैं, लेकिन यदि समाज विरोधी या आतंकी गतिविधियां ब?ती हैं, तो भगवान परशुराम के फरसे की तरह शस्त्र उठाना भी हमारी परंपरा का हिस्सा है। सामूहिक यज्ञोपवीत की सफलता और मार्ग पर फरसा स्थापना हमारे गौरव को ब?ती है।

विनोद पुरोहित वरिष्ठ अभिभाषक ने कहा हमें अपनी भावी पीढ़ी को केवल आधुनिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि शास्त्रों का संस्कारित ज्ञान भी देना होगा। वर्तमान में लव जिहाद जैसी साजिशों के प्रति बच्चों और बालिकाओं को सचेत करना समय की मांग है, ताकि हमारी संस्कृति सुरक्षित रहे।

**वरिष्ठ भाजपा नेता** -हेमंत भट्ट ने कहा आज पेटलावद का ब्राह्मण समाज जिस सक्रियता से कार्य कर रहा है, वह सराहनीय है। हमें अपने सेवा कार्यों और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से समाज का नाम प्रदेश और देश स्तर पर रोशन करना है।

परियोजना अधिकारी, महिला बाल विकास अजय तिवारी ने कहा वर्तमान दौर में महिलाओं और बालिकाओं का जागरूक होना अनिवार्य है। शिक्षित और सजग नारी ही एक सशक्त समाज की नींव रखती है। समाज की एकता ही हमारी सबसे ब?ी शक्ति है। महिला मंडल अध्यक्ष संगीता त्रिवेदी ने कहा समाज के हर छोटे-ब? आयोजन में महिलाओं की भागीदारी ब?ी है। हम कंधे से कंधा मिलाकर अपनी परंपराओं को जीवित रखने का संकल्प लेते हैं।युवा मंडल अध्यक्ष ?अंशुल व्यास ने कहा जब मन में संकल्प दृ? हो, तो कोई भी कार्य असंभव नहीं। फरसा स्थापना इसी संकल्प की सिद्धि है। युवा वर्ग अपनी ऊर्जा को समाज के रचनात्मक कार्यों में लगाएं।**कन्या मंडल अध्यक्ष** -उत्तरा उपाध्याय ने कहा आज का दिन हमें अपनी शक्ति को पहचानने का अवसर देता है। हमें गर्व होना चाहिए कि हम उस परंपरा के वाहक हैं जिसने समाज को हमेशा सही मार्ग दिखाया है।